# आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रवेश के लिए 22 तक मंगाए आवेदन

## शैक्षणिक सत्र 2021-22 में प्रवेश के लिए जानकारी वेबसाइट पर अपलोड

भास्कर न्यूज | जशपुरनगर

शासकीय आदर्श उमावि जशपुरनगर में शैक्षणिक सत्र 2021-22 के लिए छात्रों से प्रवेश हेतु आवेदन मंगाए हैं। इसके अनुसार 6वीं में 35 सीट हैं, जिसमें अनुसूचित जनजाति के 28, अनुसूचित जाति के 5, सामान्य पिछड़ा वर्ग के 2, 7 वीं में अनुसूचित जनजाति की 4, कक्षा 8 वीं में अनुसूचित जाति की 1 और कक्षा 9 वीं में 2 अनुसूचित जाति-1, सामान्य पिछड़ा वर्ग के 1 रिक्त सीटों पर छात्रों के प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो गई है। उल्लेखनीय है कि सीबीएसई पाठ्यक्रम हिंदी माध्यम में पढ़ाए जाने वाला जिले का एकमात्र शासकीय आवासीय विद्यालय है,जिसका स्कूल भवन और छात्रावास एक ही परिसर में स्थित हैं। विद्यालय की प्राचार्य कमला केरकेट्टा ने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी एनकुजूर सर के निर्देशानुसार उक्त कक्षाओं की रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए छात्रों से 2 जून से 22 जून तक आवेदन मंगाए गए हैं। छात्र स्वयं या उनके अभिभावक शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जशपुरनगर में या जिले के सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों के कार्यालयों में जाकर आवेदन 2 जून से 22 जून तक कार्यालयीन समय में जमा कर सकते हैं। पिछली उत्तीर्ण कक्षा में प्राप्तांकों के आधार पर वर्गवार प्रावीण्य सूची तैयार कर वरीयता क्रम के प्रवेश की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। कक्षा 5वीं के प्राप्तांकों के आधार पर बनने वाली वर्गवार प्रावीण्य सूची से पात्रतानुसार कक्षा 6वीं प्रवेश की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। छात्रों के प्रवेश की जानकारी विद्यालय की वेबसाइट www.govtmodelhssjashpur.in पर भी उपलब्ध है।